हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, बुधवार, 23 अप्रैल, 2025

तापमान
अधिकतम 42 .5 डिग्री
न्यूनतम 23 .5 डिग्री

11 आज की पीढ़ी यदि पर्यावरण के प्रति सजग तो भविष्य...


12 एसई के निलम्बन पर पावर इंजिनियर्स का विद्युत...


**खबर संक्षेप**

### डीसी आज करेंगे ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण

**हिसार।** उपायुक्त अनीश यादव की अध्यक्षता में 23 अप्रैल को सुबह लघु सचिवालय परिसर स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए नगराधीश हरिराम ने बताया कि ईवीएम वेयरहाउस के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त अनीश यादव के साथ राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे।

### आदमपुर से हिसार के लिए बस चलाने की मांग

**मंडी आदमपुर।** आदमपुर के सामाजिक संगठन मानव कल्याण सेवा ट्रस्ट, जिला पार्षद वीर सिंह राहड, जगत अग्रवाल, मोतीलाल गोयल, सहित अनेक लोगों ने शाम के समय 6 से 7:00 बजे के बीच हिसार एवं अग्रोहा के लिए बस चलाने की मांग की है। इनका कहना है कि आदमपुर से शाम 5:30 बजे के बाद हिसार के लिए कोई बस नहीं है जिसके चलते सरकारी कर्मचारियों, आम लोगों व गांव से आने वाले दैनिक यात्रियों, मजदूरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### 55 लोगों की नेत्र जांच शिविर का उठाया लाभ

**हिसार।** भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा द्वारा संचालित दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में अनिल गुप्ता मुंबई वाले के सहयोग से निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर का 55 लोगों ने लाभ उठाया। नेत्र जांच के उपरांत यथासंभव दवाइयां भी निशुल्क उपलब्ध करवाई गई। इस शिविर में 20 बुजुर्गों की आंखों में सफेद मोतियाबिंद की शिकायत मिली, उनका नेत्र ऑपरेशन दिव्यांग केंद्र के आधुनिक ऑपरेशन थियेटर में 25 अप्रैल को अनिल गुप्ता के सहयोग से निशुल्क किया जाएगा।

### डीएन कॉलेज में कार्यशाला आयोजित

**हिसार।** दयानन्द महाविद्यालय में शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा एक दिवसीय योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला प्रो. सुरजीत कौर के निर्देशन में आयोजित की गई, जिसमें प्रवीण योगा अकादमी के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय योग विशेषज्ञ मास्टर प्रवीण कुमार वर्मा ने प्रशिक्षण प्रदान किया।

### डोडा चूरा पोस्त बरामदगी मामले में सप्लायर गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस की नशा निरोधक पुलिस टीम ने 20 अप्रैल 2025 को अग्रोहा पुल के नीचे से मल्लापुर निवासी पवन उर्फ पहलवान को काबू कर 3.208 किलोग्राम डोडा चूरा पोस्त बरामद किया था। उप निरीक्षक रामफल ने बताया कि उपरोक्त अभियोग में की गई आगामी कार्रवाई में सामने आया कि पवन उर्फ पहलवान 3.208 ग्राम डोडा चूरा पोस्त बिश्नोईया की ढाणी, नागौर, राजस्थान निवासी पुना राम से 16 हजार रुपये में खरीद कर लाया था। पुलिस ने आरोपी सप्लायर पुना राम को चुरु से गिरफ्तार किया है। आरोपी पुना राम को अदालत में पेश किया।



हिसार। यूपीएससी की परीक्षा पास करने के बाद परिवार के सदस्यों के साथ खुशी मनाती ध्वनि। फोटो: हरिभूमि

# हिसार की बेटी ध्वनि ने यूपीएससी में पाया 215वां रैंक

- इस बड़ी उपलब्धि से परिवार में जश्न का माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

यूपीएससी द्वारा सिविल सेवा परीक्षा के घोषित किए गए परिणाम में हिसार की बेटी ध्वनि ने 215वां रैंक हासिल किया। पीएलए में रहने वाली ध्वनि के पिता डॉ. आदर्श अग्रवाल रोडियोलोजिस्ट है और माता डॉ. रीना जैन हड्डी रोग विशेषज्ञ है और उनके पास हिसार के नागरिक अस्पताल में पीएमओ का चार्ज है। ध्वनि की बचपन से ही इच्छा आईएएस की परीक्षा पास करने की थी। आखिरकार उसका यह सपना दूसरे अटेंप्ट में परीक्षा पास की। ध्वनि की इस उपलब्धि को लेकर परिवार में खुशी का माहौल है। ध्वनि द्वारा यूपीएससी की परीक्षा पास करने पर उनके घर बधाई देने वालों को तांता लग गया और लगातार फोन घनघनाने लगे। अपनी पोती की इस उपलब्धि पर दादा ओम कुमार अग्रवाल तथा दादी कुसुमलता फूले नहीं समां रहे थे। ध्वनि का कहना था कि इस उपलब्धि को प्राप्त करने में परिवार व शिक्षकों को सहयोग रहा, लेकिन सबसे ज्यादा योगदान उनकी दादी का रहा है। ध्वनि ने एक विशेष बातचीत में बताया कि उसने स्कूली शिक्षा ओपी जिंदल मॉडर्न स्कूल से पास की है। सीनियर सेकेंडरी की परीक्षा कॉमर्स साइड से पास की। उसके बाद क्लैट की परीक्षा थी। वर्ष 2022 में नेशनल यूनिवर्सिटी भोपाल से बीए एलएलबी ऑनर्स से सिल्वर मैडल के साथ स्नातक की।

### 5-6 घंटे करती थी तैयारी

माता-पिता चिकित्सक होने के बावजूद ध्वनि की इच्छा यूपीएससी की परीक्षा पास करने की थी। इसलिए उसने बचपन से ही इतिहास और राजनीतिक शास्त्र विषय में अधिक रूचि दिखाई। आईएएस की सही तरीके से तैयार स्नातक के फाइनल एयर में शुरू की थी और कॉलेज की कक्षाओं के साथ 5-6 घंटे यूपीएससी की परीक्षा की तैयारी को लेकर देती थी।

### सोशल मीडिया का सही यूज करे

ध्वनि ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि सोशल मीडिया का यूज करना गलत नहीं है, लेकिन उसका सही यूज करना जरूरी है। आईएएस की तैयारी के दौरान मैंने टेलीग्राम तथा वाट्सऐप ग्रुपों बहुत सी महत्वपूर्ण जानकारियों जुटाई, जिसके कारण मैं परीक्षा पास करने में भी सफल रही। ध्वनि ने कहा कि सोशल मीडिया शॉर्ट टर्म सर्टिफिकेशन देती है, रील को देख कर मजा आता है, लेकिन लॉन्ग टर्म में हम कुछ बड़ा प्राप्त नहीं कर सकते। इसलिए अधिक टाइम बर्बाद न करें। हमें पता होना चाहिए कि एक लिमिट के बाद सोशल मीडिया पर ज्यादा समय न लगाए।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के दिए निर्देश

# स्कूटी और बाइक से हो रहे सड़क हादसों से भी जा रही लोगों की जान

### डीसी ने संबंधित विभागों को बिना रजिस्ट्रेशन की इलेक्ट्रिक स्कूटी/मोटरसाइकिल को लेकर नीतिगत व्यवस्था के निर्देश दिए



हिसार। बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते उपायुक्त अनीश यादव। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

उपायुक्त अनीश यादव ने सभी एसडीएम कार्यालय व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बिना रजिस्ट्रेशन की इलेक्ट्रिक स्कूटी/मोटरसाइकिल के पंजीकरण/नियामक व्यवस्था की दिशा में कोई नीतिगत निर्णय लें। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों में जाने वाले कम उम्र के बच्चे इलेक्ट्रिक स्कूटी/मोटरसाइकिल का अधिक प्रयोग करते हैं। यह भी धारणा है कि ऐसे वाहनों को चलाने के लिए ड्राइविंग लाइसेंस या हेलमेट की आवश्यकता नहीं होती। पिछले कुछ महीनों के आंकड़ों का विश्लेषण करें तो यह बात निकल कर सामने आई है कि इलेक्ट्रिक स्कूटी/मोटरसाइकिल के काफी संख्या में एक्सीडेंट हो रहें हैं और इनमें जान भी जा रही है। मंगलवार को जिला सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने कहा कि एसडीएम, आरटीए, पुलिस तथा अन्य संबंधित विभाग इस प्रकार की व्यवस्था को सुनिश्चित करें, जिससे की सुरक्षा मापदडों के साथ कोई समझौता न हो। उन्होंने कहा कि जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सभी संबंधित विभाग आपसी तालमेल स्थापित कर कार्य करें।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, बरवाला एसडीएम डॉ वेदप्रकाश बेनीवाल, नारनौंद एसडीएम मोहित मेहराणा, हांसी एसडीएम राजेश खोथ, आरटीए संजय बिश्नोई, सिविल सर्जन डॉ सपना गहलावत, डॉ गरिमा दहिया, डीएफओ रोहताश बिरथल, एक्सईएन जतिन खुराना, एक्सईएन बलकार रेड्डू, डीआईओ दीपक भारद्वाज सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### नियम तोड़ने पर होगी कार्रवाई

उपायुक्त अनीश यादव ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को हेलमेट और सीट बेल्ट के उल्लंघन, ओवरस्पीडिंग और गलत पार्किंग के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह एक सामूहिक प्रयास है, जिसमें पुलिस, एनएचएआई, पीडब्ल्यूडी, नगर निगम, वन विभाग, आरटीए, और अन्य विभागों की समन्वित भूमिका आवश्यक है।

### सुरेवाला चौक पर हाई मास्ट लाइट लगाएं

उपायुक्त अनीश यादव ने एनएचएआई के अधिकारियों को सुरेवाला चौक पर हाई मास्ट लाइट लगाने, अवैध कटों को तत्काल बंद करने, सड़क मार्किंग और हैजर्ड मार्कर लगाने के आदेश दिए। उन्होंने सड़क मार्गों की मरम्मत, ब्लिंकर्स और स्ट्रीट लाइट्स की शीघ्र व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए।

### अवैध कटों को बंद करने के आदेश

उपायुक्त अनीश यादव ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी अवैध कटों को शीघ्र बंद किया जाए, स्पीड ब्रेकर और कैट आई लाइट को तुरंत लगाया जाए। उन्होंने सड़क पर गड्ढों, टूटी ग्रिल्स और रोशनी की अनुपलब्धता को लेकर भी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि इन समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उपायुक्त ने एनएचएआई के अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा कि वे सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी मुद्दों को निर्धारित समय-सीमा में निपटाएं और यदि आवश्यक हो तो संबंधित एसडीएम व पुलिस की मदद लें। उन्होंने कहा कि सडक़ दुर्घटनाएं किसी भी परिवार की पीड़ा से जुड़ी होती हैं और यह समाज के लिए चेतावनी होती है। ऐसे में हमें संवेदनशील होकर ठोस कार्य योजना पर अमल करना होगा, ताकि सडक़ दुर्घटना में लोगों की जान बचाई जा सके।



हांसी। अग्रवाल बुक डिपो पर एनसीआरटी की किताबों की जांच करते एनसीआरटी के सहायक उत्पादन अधिकारी ओमप्रकाश व सीएम फ्लाइंग टीम के सदस्य।

# सीएम फ्लाइंग की किताब घरों पर छापेमारी, हड़कंप

- कई दुकानदार, दुकान बंद कर मौके से हुए गायब
- सीएम फ्लाइंग व एनसीआरटी की टीम की अनेक स्थानों पर चार घंटे तक चली कार्रवाई
- एनसीआरटी की नकली किताबों की बिक्री की मिली रही शिकायतों के बाद की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने के साथ ही बुक सेलर द्वारा एनसीआरटी की नकली किताबें व एनसीआरटी द्वारा निर्धारित मूल्यों से अधिक कीमत पर किताबें बिक्री किए जाने की सूचना पर मंगलवार को सीएम फ्लाइंग व एनसीआरटी की संयुक्त टीम ने शहर में आधा दर्जन दुकानों पर रेड की। इस दौरान दुकानों व उनके गोदाम में रखी एनसीआरटी की सभी किताबों की बारीकी से जांच की। वहीं शहर में किताब घरों पर सीएम फ्लाइंग व एनसीआरटी टीम की रेड की सूचना मिलने पर पुस्तक विक्रेताओं में हड़कंप मच गया और सीएम फ्लाइंग रेड की सूचना पर कई दुकानदार अपनी दुकान बंद कर मौके से गायब हो गए।

### चार घंटे तक रही टीम

सीएम फ्लाइंग व एनसीआरटी की टीम हांसी में करीब चार घंटे तक मौजूद रही और इस दौरान उन्होंने दड़ा बाजार स्थित मुलतान किताब घर व बड़सी गेट अंदर स्थित अग्रवाल बुक डिपो व ओम बुक डिपो कई अन्य दुकानों तथा उनके गोदामों में रखी एनसीईआरटी की किताबों और उन अंकित मुल्य को चैक किया। रेड के दौरान टीम को किसी भी दुकान पर टीम को न तो कोई नकली किताबें मिली और न ही किसी किताब पर एनसीआरटी द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य नहीं मिला। फ्लाइंग टीम को सभी दुकानों पर स्टाक व रिकॉर्ड अनुसार किताबें मिली।

# रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने दिया धरना-प्रदर्शन

- आठवें वेतन आयोग का लाभ न देने के सरकार के फैसले के विरोध में उतरे
- 20 मई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल की चेतावनी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



हिसार। लघु सचिवालय के बाहर धरने पर बैठे रिटायर्ड कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने केंद्र सरकार की कथित कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ आठवें वेतन आयोग में 31-12-2025 तक सेवानिवृत हुए व होने वाले कर्मचारियों को वेतनमान के लाभ से वंचित करने के फैसले से नाराज देश भर के रिटायर्ड कर्मचारियों ने आंदोलन की राह पर चलते हुए देश भर में धरना-प्रदर्शन किये। हिसार जिला मुख्यालय पर भी रोष स्वरुप धरना-प्रदर्शन किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान मनोहर लाल जाखड़ ने की व मंच संचालन जिला सचिव जयसिंह ने किया। धरने पर आए रिटायर्ड कर्मचारियों को संबोधित करने विशेष रुप से पहुंचे सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के संस्थापक सदस्य बनवारी लाल बिश्नोई ने कहा कि भाजपा सरकार जब से केंद्र व राज्य में आई है, तब से लगातार कर्मचारी, छात्र, मजदूर, छोटे दुकानदार व आम जनता विरोधी फरमान जारी कर रही है।

### ये रहे मौजूद

संघ के जिला प्रधान मनोहर लाल जाखड़ ने कहा कि संघ जायज मांगों को लेकर संघर्षरत हैं। समय रहते सभी मांगें पूरी न की गई तो अगले माह 20 मई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल की जाएगी। धरने में जगदीश चंद्र बिश्नोई, सुरेन्द्र यादव, जयबीर सिंह कैशियर, नरेश गौतम, रोहताश शर्मा, अनिल शर्मा, सूरजप्रकाश भाटिया, सुभाष गुर्जर, रमेश सिंगला, श्योचंद राय घोड़ेला, राजेश बागड़ी, ओमप्रकाश झाजडिया, अशोक अठवाल, सूबेसिंह बूरा, शकुंतला जाखड़, निर्मला दहिया, मा. देशराज, चंदगीराम, नानक देव रानोलिया, बलवंत सिंह, रामस्वरुप आदि रहे।

# सरकारी बस का रुट बदलने का विरोध

- पांच गांवों के सरपंचों ने दी चेतावनी, अगर बस रुट बहाल न किया तो होगा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हांसी उपमंडल के अनेक गांव लोहारी राघो, माजरा, पाली, ढाणी कुम्हारान, मोठ करनैल, मोठ रांगडान, गढ़ी अजीमा और ढाणी ब्राह्मण में सरकारी बस रुट बदले जाने के खिलाफ ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। रुट बदलने से अब छात्रों और आम नागरिकों को हांसी तक पहुंचने में लम्बा रास्ता तय करना पड़ रहा है जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। इस सम्बंध में मंगलवार दोपहर पूर्व हिसार रोडवेज कार्यालय में महाप्रबंधक की अनुपस्थिति में अन्य रोडवेज अधिकारी को दिए मांग पत्र में बस का रुट पहले की तरह करने की मांग करते हुए गांवों के सरपंचों ने प्रशासन को चेतावनी दी कि हमारी मांगे पूरी करो अन्यथा आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में कई सरपंच शामिल रहे। इनमें राजकुमार उर्फ काला सरपंच प्रतिनिधि, ग्राम पंचायत मोठ कुम्हारान, सुनील सरपंच, ग्राम पंचायत मोठ करनैल, जसवंत सरपंच, ग्राम पंचायत मोठ रांगडान, सोनू सरपंच, ग्राम पंचायत लोहारी राघो आदि शामिल रहे। उनके साथ मौजूद रहे छात्र नेता दीपक वर्मा ने एसएफआई की ओर से पूर्ण समर्थन जताया।



हिसार। रोडवेज अधिकारी को ज्ञापन देते पांच गांवों के प्रतिनिधि। फोटो: हरिभूमि

# पृथ्वी के बिना मानव जीवन असंभव

- हकृवि में विश्व पृथ्वी दिवस पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



हिसार। पौधरोपण के पश्चात कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज अधिकारियों के साथ।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में भू-दृश्य संरचना इकाई द्वारा सामुदायिक केन्द्र परिसर में विश्व पृथ्वी दिवस पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पौधारोपण करके उन्होंने सभी को पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया। इस वर्ष पृथ्वी दिवस का थीम 'हमारी शक्ति-हमारा ग्रह' है। जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों, संगठनों और सरकार की अक्षय ऊर्जा स्त्रोतों पर स्विच करने और एक टिकाऊ भविष्य बनाने की जिम्मेदारी पर केन्द्रित है। कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण लगातार पृथ्वी के तापमान में वृद्धि हो रही है जिसके कारण अत्यधिक वर्षा, सूखा, तूफान और बर्फबारी जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं। पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए उन्होंने जल संरक्षण, कचरा प्रबंधन, वायु प्रदूषण, रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के इस्तेमाल में कमी तथा बिजली का आवश्यकता अनुसार उपयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि पृथ्वी के बिना इंसान का जीवन संभव नहीं है। इसे बचाने के लिए हमें पेड़-पौधे लगाने का संकल्प लेना होगा।

## गुजवि में पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य पर हुआ कार्यक्रम

# पर्यावरण सुरक्षा से ही होगी जीवन की रक्षा

- गुरू जंभेश्वर महाराज के सिद्धांत पर्यावरण सरंक्षण के लिए सबसे उपयोगी : प्रो. बिश्नोई

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई ने कहा है कि वर्तमान पीढ़ी की जिम्मेदारी बनती है कि यह पीढ़ी आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ व सुरक्षित पृथ्वी उपलब्ध करवाए। इस ग्रह को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी केवल कुछ ही लोगों की नहीं है, बल्कि हम सभी को मिलकर इस दिशा में प्रयास करने होंगे। गुरू जंभेश्वर जी महाराज की शिक्षाएं व सिद्धांत पर्यावरण व जलवायु सरंक्षण के लिए सबसे उपयोगी सिद्धांत हैं। प्रो. नरसीराम बिश्नोई विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य पर विश्वविद्यालय के पर्यावरण एवं अभियांत्रिकी विभाग के सौजन्य से 'हमारी शक्ति-हमारा ग्रह' विषय पर आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे।



हिसार। विश्व पृथ्वी दिवस पर लघु नाटिका प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई। फोटो: हरिभूमि

### ये रहे प्रतियोगिताओं के विजेता

पृथ्वी दिवस पर आयोजित प्रतियोगितों में पोस्टर मेकिंग में बायोटेक्नोलॉजी विभाग की कनिका ने पहला, अंग्रेजी व विदेशी भाषाएं विभाग की वर्षा ने दूसरा तथा ज्यूलॉजी विभाग की रिद्धी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्लोगन लेखन में शिक्षा विभाग की अपूर्वा ने पहला, अग्रेंजी व विदेशी भाषाएं विभाग की वर्षा ने दूसरा तथा ज्यूलॉजी विभाग की नेहा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। रंगोली ने शिक्षा विभाग की दिव्या व भाविका पहले व कानून विभाग की प्रियंका दूसरे स्थान पर रही। मनप्रीत व जसबीर की टीम को लघु नाटिका के लिए पुरस्कृत किया गया।

### अर्थ-डे पर जागरुकता रैली निकाली

**हिसार।** सेक्टर-15 स्थित स्मॉल वंडर स्कूल में अर्थ-डे पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसके अंतर्गत कक्षा नर्सरी से यू.के.जी. के विद्यार्थियों से पौधरोपण करवाया गया। कक्षा पहली व दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों को 'नेचर विजिट' करवाया गया।




# ‘रेट्रो’ का हिंदी में ट्रेलर जारी उत्तर के दर्शकों को रिझाएंगे

**मुंबई।** साउथ के सुपर स्टार सूर्या की फिल्म ‘रेट्रो’ का ट्रेलर तीन दिन पहले जारी किया जा चुका है। अब इस फिल्म का ट्रेलर हिंदी में जारी किया गया है। इसका मतलब यह है कि फिल्म हिंदी में भी रिलीज होगी। ऐसें में उत्तर भारत के दर्शक भी फिल्म का आनंद उठा सकेंगे। ‘रेट्रो’ एक मई को रिलीज होने वाली है। ‘रेट्रो’ के ट्रेलर में सूर्या जबरदस्त एक्शन में हैं। वह दुश्मनों के छक्के छुड़ा रहे हैं। सूर्या कभी लाठी तो कभी चाकू चलाते हैं। वह खास अंदाज में घुमाकर मुक्का मारते हैं जो उनके फैंस को खूब पसंद आने वाला है। ट्रेलर में पूजा हेगड़े को भी दिखाया गया है। वह पूजा हेगड़े के साथ इमोशनल होते हैं।

लाइफ Style

# अनन्या

## भाई अहान के बॉलीवुड डेब्यू पर जताई खुशी



अभिनेता चंकी पांडे के परिवार से अब एक और सितारा बॉलीवुड में एंट्री करने जा रहा है। अनन्या पांडे के चचेरे भाई अहान पांडे अपने डेब्यू के लिए तैयार हैं। आज उनकी पहली फिल्म की घोषणा हो गई है। इस पर अनन्या ने भाई के लिए चीयर किया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई


यशराज फिल्म्स ने आज एक नई फिल्म की घोषणा कर दी है। फिल्म का नाम ‘सैयारा’ है। इस फिल्म में अहान पांडे मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। अहान पांडे बॉलीवुड में एंट्री करने वाला नया चेहरा है। साथ ही वो एक फिल्मी घराने से भी ताल्लुक रखते हैं। अहान पांडे अनन्या पांडे के चचेरे भाई हैं। अब अपने भाई की बॉलीवुड में एंट्री से बहन अनन्या पांडे काफी उत्साहित हैं। उन्होंने अपने भाई के लिए चीयर किया है और बॉलीवुड में उनका स्वागत किया है। अनन्या पांडे ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपने चचेरे भाई की डेब्यू फिल्म के बारे में यशराज फिल्म्स द्वारा की गई आधिकारिक घोषणा वाली पोस्ट को साझा किया। उसी के बारे में खुशी जताते हुए अनन्या ने लिखा, “फिल्मों में तुम्हारा स्वागत है मेरे भाई। इसके साथ ही अनन्या ने अपनी स्टोरी में एक लाल दिल, हाथ जोड़कर और नजर ताबीज जैसे इमोजी का इस्तेमाल किया है। अपनी स्टोरी में अनन्या ने अपने भाई अहान पांडे को टैग भी किया है। अनन्या के अलावा अहान की बहन और मां ने भी उनके फिल्मी डेब्यू पर खुशी जताई है। यशराज फिल्म्स ने आज ही अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट शेयर कर अहान पांडे की डेब्यू फिल्म की घोषणा की है।

हॉलीवुड मसाला

# व्हूपी ने बताया पोप को करीबी




**लॉस एंजिल्स।** कैथोलिक ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस के निधन के बाद उनके चाहने वाले शोक में हैं और उनको अपनी-अपनी तरह से याद कर रहे हैं। आम लोगों से लेकर तमाम सेलिब्रिटीज तक पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। इसी क्रम में सिने जगत के भी तमाम सितारों ने पोप को याद किया है और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। इसमें लियोनार्डो डिकैप्रियो से लेकर रसेल क्रो और सिल्वेस्टर स्टेलोन समेत कई नाम शामिल हैं। कॉमेडियन व्हूपी गोल्डबर्ग ने पोप फ्रांसिस को याद करते हुए अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक भावुक नोट लिखा है।



# एम्बर को बचपन से रहा अभिनय का शौक...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की चमक-दमक में अपनी जगह बनाने वाली एम्बर हर्ड एक ऐसी अभिनेत्री हैं, जिन्होंने अपने अभिनय और निजी जीवन दोनों से सुर्खियां बटोरी हैं। उनकी जिंदगी की कहानी एक साधारण शुरुआत से लेकर वैश्विक मंच तक की यात्रा है, जिसमें प्रेम, शादी और तलाक जैसे उतार-चढ़ाव भी शामिल हैं। एम्बर लॉरा हर्ड का जन्म 22 अप्रैल 1986 को अमेरिका के टेक्सास राज्य के ऑस्टिन शहर में हुआ था। उनके पिता डेविड क्लिंटन हर्ड एक ठेकेदार थे, जबकि मां पेट्रीसिया पेज हर्ड इंटरनेट रिसर्चर के तौर पर काम करती थीं। एम्बर की दो बहनें हैं। उनका बचपन टेक्सास के खुले-खुले माहौल में बीता। बचपन से ही वह स्वतंत्र विचारों वाली थीं। बहुत कम उम्र में ही अभिनय के प्रति उनका रुझान नजर आने लगा था।




# करण लेकर आ रहे नागों वाली पिक्चर

**मुंबई।** निर्माता-निर्देशक करण जौहर अब धर्मा प्रोडक्शन की अबतक की फिल्मों से अलग हटकर एक नई तरह की फिल्म लेकर आ रहे हैं। इच्छाधारी नाग की कहानी पर आधारित उनकी नई फिल्म है ‘नागजिला’। करण ने मंगलवार को इस फिल्म का मोशन पोस्टर जारी करते हुए फिल्म की घोषणा कर दी है और इसकी रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन इच्छाधारी नाग की भूमिका में दिखाई देंगे। करण ने जो पोस्टर जारी किया है उसमें नीली जींस पहने शर्टलेस कार्तिक आर्यन दूसरी तरफ मुंह करके खड़े हैं। वो सांपों से भरे घर से शहर को देखते हुए नजर आ रहे हैं। उनके आस-पास सिर्फ सांप ही सांप हैं और उनके ऊपर भी सांप लिपट रहे हैं। इस वीडियो पोस्टर में कार्तिक आर्यन की आवाज में वॉइस ओवर है।



# ‘डॉन-3’ में चाहिए अनुभवी अभिनेत्री

**मुंबई।** फरहान अख्तर के निर्देशन में बनने वाली फिल्म ‘डॉन 3’ अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। इस बार डॉन की प्रमुख भूमिका में शाहरुख खान की जगह रणवीर सिंह को कास्ट किया गया है। फिल्म की फीमेल लीड को लेकर अब तक कुछ तय नहीं हो पा रहा है। घोषणा के समय कियारा आडवाणी फिल्म की हीरोइन घोषित हुई थीं। हालांकि, प्रेग्नेंसी के चलते उनके फिल्म से हटने के बाद अब तक किसी नई एक्ट्रेस के नाम पर मोहर नहीं लग पाई है। ताजा रिपोर्ट के मुताबकि, फरहान अख्तर और उनकी टीम अपनी फिल्म के लिए एक अनुभवी अभिनेत्री को कास्ट करना चाहती है। जिसकी स्क्रीन पर मौजूदगी अच्छी हो और किरदार की गंभीरता को समझ सके। इसीलिए शायद शरवरी की जगह अब कृति सेनन को अप्रोच किया जा रहा है।

टीवी मसाला

# लाल साड़ी में दिखीं निया


## कहा- आप लोग ही तलाश दो दूल्हा

**नई दिल्ली।** इन दिनों टीवी एक्ट्रेस निया शर्मा शो ‘लाफ्टर शेफ’ में नजर आ रही हैं। हाल ही में शो का एक स्पेशल एपिसोड में शूट हुआ, जिसमें निया लाल साड़ी पहने नजर आईं। शो से पहले निया की मुलाकात पैपराजी से भी हुईं। निया को लाल साड़ी में देख पैपराजी ने पूछ लिया, ‘शादी कब कर रही हैं?’ वह पहले मुस्कुराईं, इसके बाद बोलीं, ‘आप लोग ही तलाश दो दूल्हा?!’ इस पर पैपराजी ने कहा कि वो तो यहीं पर है? दरअसल, पैपराजी में से कुछ लोग अपनी बात कर रहे थे। इस पर निया शर्मा ने हंसकर बात को टाल दिया।’ शो ‘लाफ्टर शेफ’में निया शर्मा अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। इस शो में प्रतियोगियों को कोई स्पेशल डिश, रेसिपी बनाती होती हैं, साथ ही शो में खूब कॉमेडी भी होती है। निया को कुकिंग तो नहीं आती लेकिन वह अपनी बेबाकी से दर्शकों का दिल जरूर जीत रही हैं। इस शो को भारती सिंह होस्ट करती हैं। निया शर्मा के कॅरियर फ्रंट की बात करें तो वह ‘नागिन’ सीरीज का हिस्सा रह चुकी हैं। ‘एक हजारों में मेरी बहना है’ जैसा पॉपुलर टीवी शो कर चुकी हैं। कई रियालिटी शो का भी निया शर्मा हिस्सा रही हैं। वह ‘खतरों के खिलाड़ी’ जैसे शो में भी नजर आ चुकी हैं।



# अभिनव ने असीम के आक्रामक व्यवहार पर साधा निशाना...

**नई दिल्ली।** अभिनव शुक्ला और असीम रियाज के बीच का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। असीम ने सोशल मीडिया पर अभिनव पर सहानुभूति मांगने का आरोप लगाया था, जिसके जवाब में अभिनव ने सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। अभिनव ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक लंबा नोट लिखा, जिसमें उन्होंने असीम के आक्रामक व्यवहार और रियलिटी शो में उनके रवैये पर निशाना साधा। उन्होंने लिखा, ‘वह मुझे अच्छी तरह जानता है, लेकिन उसने गलती की। मैं चुप रहता हूं और खड़ा रहता हूं। कोई रियलिटी शो मुझे आक्रामक या अपमानजनक नहीं बना सकता। किरदार कंटेंट से ज्यादा मायने रखता हैं। अगर धक्का-मुक्की और सेट का सामान तोड़ना ही उपलब्धि है, तो मैं प्रभावित नहीं हूं। एमएमए ट्राई करो, देश के लिए खेलो। शांत रहो!’ अभिनव ने रविवार को बताया कि उन्हें सोशल मीडिया पर एक यूजर से जान से मारने की धमकी मिली, जिसने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताया।



# 50 के दशक में पिता ने अभिनय के लिए किया प्रेरित, आज पोती भी करती है फिल्मों में एक्टिंग

*नई दिल्ली। 50 के दशक में अभिनेत्री उषा किरण ने अभिनय का सफर शुरू किया। लगभग 50 से अधिक हिंदी और मराठी फिल्मों में एक्टिंग की। चार दशक तक वह सिनेमा की दुनिया में सक्रिय रहीं। मंगलवार को अभिनेत्री उषा किरण का जन्मदिन ( 22 अप्रैल 1929) था। इस मौके पर जानिए, उषा किरण के फिल्म कॅरियर, निजी जिंदगी से जुड़ी कुछ खास बातें। उषा किरण का जन्म एक मराठी परिवार हुआ। पिता बालकृष्ण मराठे हमेशा से उषा के लिए एक मार्गदर्शक की भूमिका में रहे। उषा पांच बहनों में दूसरे नंबर पर आती थीं। उषा ने थिएटर से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की, इस काम के लिए पिता से उन्हें बहुत प्रोत्साहन मिला। जानिए, कैसे शुरू हुआ उषा किरण का फिल्मी दुनिया में आने का सफर? किन फिल्मों और अभिनेता के साथ अभिनय किया? साथ ही आज उषा किरण के परिवार के कौन से सदस्य एक्टिंग की दुनिया में सक्रिय हैं, विस्तार से जानिए।*

### इस तरह शुरू हुआ फिल्मों का सफर

उषा किरण के पिता चाहते थे कि बेटी फिल्मों में काम करे। अभिनेत्री के पिता ने एक फिल्म भी बनाई, जिसमें बेटी को अभिनय का मौका दिया। फिल्म फ्लॉप रही लेकिन उषा को एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने का मौका मिल गया। उषा ने अपने सरनेम मराठे की जगह किरण शब्द का इस्तेमाल किया। इस तरह वह उषा किरण बनकर हिंदी फिल्मों में पहुंचीं। अभिनेत्री ने इसके बाद लगभग 50 से ज्यादा हिंदी और मराठी फिल्में कीं। ‘कल्पना’ बॉलीवुड में उनकी पहली फिल्म थी।

### नामी कलाकारों संग किया अभिनय

उषा किरण ने अधिक फिल्में अपने करियर में भले ही ना की हों लेकिन उन्हें नामी अभिनेताओं के साथ अभिनय करने का मौका मिला। उषा ने दिलीप कुमार, देव आनंद, किशोर कुमार, राज कपूर, अशोक कुमार, राजेंद्र कुमार, राजेश खन्ना, धर्मेंद्र और अमिताभ बच्चन जैसे अभिनेताओं के साथ बड़े पर्दे पर अभिनय किया था। वह नजराना, दाग, बंधन, काबुलीवाला, पतिता, मिली, बावर्ची और चुपके-चुपके जैसी चर्चित फिल्मों का भी हिस्सा बनीं।



### परिवार ने बढ़ाया अभिनय की विरासत को आगे

उषा किरण का खुद किसी फिल्मी परिवार से वास्ता ना रहा हो लेकिन आगे चलकर उनके परिवार के कई सदस्य फिल्मों से जुड़े। उषा ने डॉ. मनोहर खेर से शादी की, इनके दो बच्चे हुए अद्वैत्य और तन्वी। बेटे ने मॉडलिंग को अपना करियर बना लिया। अद्वैत्य ने उत्तरा से शादी की, इनकी दो बेटियां हुईं संस्कृति खेर, सैयामी खेर। सैयामी इन दिनों बॉलीवुड फिल्मों में अभिनय कर रही हैं, अपनी दादी की विरासत को आगे बढ़ी रही हैं। वहीं उषा किरण की बेटी तन्वी ने कोरियोग्राफर बाबा आजमी से शादी की, वह अब तन्वी आजमी के नाम से जानी जाती हैं और फिल्मों में, टीवी में एक्टिंग करती हैं। तन्वी के पति बाबा आजमी, शबाना आजमी के भाई लगते हैं। इस तरह से उषा किरण और शबाना आजमी भी रिश्तेदार हो जाते हैं।

# ‘आमा-बुबू’ की अमेरिका में धूम बेस्ट एक्टर के लिए नामांकन...

**मुंबई।** ‘न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड्स’ के 25वें संस्करण को लेकर एक दिलचस्प खबर सामने आई है। इस फेस्टिवल में उत्तराखंड के 80 साल के पदम सिंह कापड़ी और 70 साल की हीरा देवी को फिल्म ‘पायर’ में अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए नामांकित किया गया है। हैरत की बात यह है कि इन दोनों ने इससे पहले किसी भी फिल्म में अभिनय नहीं किया। इस फिल्म का निर्देशन फिल्म निर्माता विनोद कापड़ी ने किया है। ‘पायर’ फिल्म के लिए विनोद कापड़ी ने पदम सिंह को लिया था। वह भारतीय सेना के रिटायर सिपाही हैं। इसके अलावा हीरा देवी को लिया था जो कि एक किसान हैं। दोनों में से किसी ने भी पहले कभी अभिनय नहीं किया था। दोनों का ताल्लुक उत्तराखंड के जिला पिथौरागढ़ की तहसील बेरीनाग से है।



पदम सिंह इन दिनों कैंसर की बीमारी से जूझ रहे हैं। सिनेमा में और भारत के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि 80 साल का आदमी जिसने कभी अभिनय नहीं किया वह इस अवॉर्ड के लिए नामांकित हुआ है। फिल्म ‘पायर’ को दुनिय भर में सराहा जा रहा है। फिल्म का विश्व प्रीमियर ‘28वें टैलिन ब्लैक नाइट्स फिल्म फेस्टिवल’ में हुआ था। फिल्म को सर्वश्रेष्ठ फिल्म दर्शक का पुरस्कार दिया गया था। फिल्म को ‘16वें बेंगलुरू अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव’ में जूरी पुरस्कार मिला है। हाल ही में 24वें इमेजिन इंडिया अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ फिल्म और सर्वश्रेष्ठ निर्देशक सहित छह नामांकन मिले।

## ‘ग्राउंड जीरो’ में आतंकवाद और बीएसएफ के ऑपरेशन की दिखाई जाएगी कहानी

# आतंकवाद से लेकर रोमांस तक, इन फिल्मों में दिखा कश्मीर का अलग-अलग रंग

*नई दिल्ली। बॉलीवुड की फिल्मों के लिए कश्मीर हमेशा एक मजबूत विषय व आधार रहा है। कई फिल्मों में कश्मीर के अलग-अलग रंग दिखाए गए हैं। कभी वहां फैले आतंकवाद को दिखाया गया है, तो कभी कश्मीर में हीरो-हिरोइन ने रोमांस फरमाया है। इमरान हाशमी की आगामी फिल्म ‘ग्राउंड जीरो’ का हाल ही में ट्रेलर जारी किया गया। कश्मीर की पृष्ठभूमि पर आधारित इस फिल्म में आतंकवाद और बीएसएफ के ऑपरेशन की कहानी दिखाई जाएगी। एक्सल एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित ये फिल्म 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म के जरिए एक बार फिर कश्मीर को दिखाया जाएगा। फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित है। ‘ग्राउंड जीरो’से पहले भी बॉलीवुड की कई फिल्मों में कश्मीर को दिखाया गया है और फिल्मों की कहानी कश्मीर पर केंद्रित रही है। जानते हैं कुछ ऐसी ही फिल्मों के बारे में।*

**द कश्मीर फाइल्स :** 2022 में आई विवेक अग्निहोत्री की ‘द कश्मीर फाइल्स’ 1990 में कश्मीर घाटी से कश्मीरी पंडितों के पलायन की वास्तविक घटनाओं पर आधारित है। इस फिल्म में कश्मीरी पंडितों के पलायन और उस दौर में उनके ऊपर हुए अत्याचार की कहानी को दिखाया गया है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी।



**आर्टिकल 370 :** यामी गौतम की फिल्म ‘आर्टिकल 370’ जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के हटाए जाने के बारे में है। इस फिल्म में सरकार ने कैसे इतना बड़ा फैसला लिया और कैसे इसकी प्लानिंग की, इसकी कहानी को दिखाया गया है।




**फितूर :** आदित्य रॉय कपूर, कटरीना कैफ और तब्बू की फिल्म ‘फितूर’ की कहानी कश्मीर पर ही आधारित है। इस फिल्म में कश्मीर की खूबसूरती को बखूबी दिखाया गया है। फिल्म के कुछ-कुछ दृष्यों में बर्फ से लदी कश्मीर की घाटियां आपका मन मोह लेंगी। फिल्म में कश्मीर के लड़के-लड़की की लव स्टोरी दिखाई गई है।



**मिशन कश्मीर :** ऋतिक रोशन, संजय दत्त और जैकी श्रॉफ स्टारर ‘मिशन कश्मीर’ उस वक्त कश्मीर में फैले आतंकवाद की कहानी को दर्शाती है। फिल्म में अल्ताफ नाम के लड़के की कहानी दिखाई गई है। जिसे एक पुलिस प्रमुख उसके परिवार के मार दिए जाने के बाद गोद ले लेता है। फिल्म में ऋतिक रोशन ने एक आतंकवादी की भूमिका निभाई है। इस फिल्म का निर्देशन विधु विनोद चोपड़ा ने किया है।



**शिकारा :** 2020 में आई विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म ‘शिकारा’ भी कश्मीरी पंडितों के पलायन पर आधारित है। फिल्म में एक युवा जोड़े की कहानी को दिखाया गया है, जिनकी नई-नई शादी हुई है। वो कश्मीर में सांप्रदायिक माहौल बिगड़ने के बाद कैसे वहां से पलायन करते हैं और फिर खुद के सेटल होने में संघर्ष करते हैं।



**कश्मीर की कली :** शम्मी कपूर-शर्मिला टैगोर की फिल्म ‘कश्मीर की कली’ में कश्मीर की खूबसूरती को बखूबी दिखाया गया है। फिल्म में दिखाया गया है कि एक लड़का शादी से बचने के लिए कश्मीर भाग जाता है, जहां उसकी मुलाकात एक कश्मीरी लड़की से होती है। धीरे-धीरे उसे उससे प्यार हो जाता है। इसके बाद क्या कुछ होता है, ये फिल्म में दिखाया गया है। फिल्म के गाने और कहानी काफी पसंद की गई थी।



## खबर संक्षेप

### 'धरती की पुकार' कार्यक्रम का आयोजन

**हिसार।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नलवा में अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विशेष कार्यक्रम 'धरती की पुकार' का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य कपूर सिंह ने की। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को धरती के प्रति अपने कर्तव्य निभाने, पौधारोपण करने, पर्यावरण स्वच्छ रखने का आह्वान किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अशोक वशिष्ठ के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटिका के माध्यम से विद्यार्थियों व ग्रामीणों को जागरूक किया। नाटिका में स्वयंसेवकों ने पेड़ों की कटाई, प्रदूषण, पॉलीथिन ,प्लास्टिक के कुप्रभाव का प्रदर्शन कर मानव को यथासंभव उपाय अपनाने का संदेश दिया। स्काउट गाइड एवं कानूनी साक्षरता क्लब की ओर से पेंटिंग प्रतियोगिता में खुशी, भावना, चेतना, श्रुति, वंशिका ने किया बेहतर प्रदर्शन।

### पेंटिंग प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**हिसार।** दयानन्द महाविद्यालय के भूगोल विभाग व ईको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में व्याख्यान और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि विकास की अंधी दौड़ में शामिल होने की बजाय प्रकृति को साथ लेकर आगे बढ़ना चाहिए। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजिका डॉ. मंजू शर्मा, डॉ. वलेरिया सेठी, डॉ. संगीता, डॉ. हेमन्त शर्मा उपस्थित रहे।

## इंडस आरपीएस स्कूल में पृथ्वी दिवस पर विशेष सभा का आयोजन

# आज की पीढ़ी यदि पर्यावरण के प्रति सजग तो भविष्य सुरक्षित

### विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी प्रस्तुतियों से सभी का मन मोहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

इंडस आरपीएस स्कूल में पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों द्वारा एक प्रेरणादायक विशेष प्रातः कालीन सभा का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी विभिन्न प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री मंत्र से हुई, जिससे समस्त वातावरण भक्तिभाव से ओतप्रोत हो गया। कक्षा पांचवीं के विद्यार्थियों ने पर्यावरण जागरूकता पर आधारित एक सुंदर समूह गीत प्रस्तुत किया, जिसमें उपस्थित विद्यार्थियों को प्रकृति के संरक्षण के लिए प्रेरित किया।

इसके पश्चात 'धरती संरक्षण' विषय पर एक लघु नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसमें बच्चों ने यह संदेश दिया कि विभिन्न प्रकार के प्रदूषणों जैसे वायु, जल, ध्वनि एवं भूमि प्रदूषण पर प्रकाश डालते हुए सभी को इसके दुष्परिणामों से अवगत कराया।

जल संरक्षण पर आधारित भावपूर्ण भाषण प्रस्तुति ने विद्यार्थियों को जल के महत्त्व पर विचार करने को विवश कर दिया। पृथ्वी दिवस पर सभी से यह आग्रह किया कि वे पर्यावरण की रक्षा में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।

विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु ने सभी प्रस्तुतियों की भूरि- भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि आज की पीढ़ी यदि पर्यावरण के प्रति सजग हो गई, तो कल का भविष्य अवश्य ही सुरक्षित होगा। उन्होंने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को इस जागरूकता के लिए बधाई दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम राठी ने बच्चों की रचनात्मकता और जागरूकता की सराहना की।



**हिसार।** पृथ्वी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेते विद्यार्थी।


**हिसार।** बच्चों को पौधे वितरित करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### विजडम स्कूल में मनाया गया पृथ्वी दिवस

**हिसार।** विजडम विद्यालय के प्रांगण में प्रकृति की सुंदरता का प्रतीक पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया तथा अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। इसके अलावा, विद्यार्थियों ने एक नाटक का मंचन किया, जिसमें पृथ्वी के संरक्षण के लिए जागरूकता फैलाई गई। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए विद्यार्थियों और शिक्षकों ने संयुक्त रूप से पौधरोपण किया, जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। विद्यालय में पढ़ने वाले सभी विद्यार्थियों को गत वर्षो की तरह इस बार भी घिया व तोरी के बीज वितरित किए गए तथा उन्हें अपने आसपास के प्रांगण में बीजारोपण करने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय संस्थापक हरिपाल पिलानिया ने बताया कि प्रकृति को सुरक्षित व संरक्षित रखने की मुहिम में बढ़ाया गया यह कदम वास्तव में सराहनीय है तथा हमारे विद्यार्थियों को पर्यावरण सुरक्षा के साथ जोड़ने में एक सक्षम प्रयास रहेगा।


**हिसार।** पृथ्वी दिवस मनाते विजडम विद्यालय के विद्यार्थी।

### डीपीएस में जागरूकता के साथ मनाया पृथ्वी दिवस

**हिसार।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस को बड़े हर्षोल्लास एवं जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में अनेक प्रतियोगिताओं एवं क्रियाकलापों का आयोजन किया गया जिनका उद्देश्य छात्रों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाना और संरक्षण के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर विद्यालय में पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन, स्लोगन लेखन, वृक्षारोपण अभियान, ग्रीन रैली, नाटक, वाद-विवाद एवं कविता पाठ जैसी प्रतियोगिताएं एवं गतिविधियाँ आयोजित की गई तथा विद्यालय प्रांगण में लगे पौधों को क्यूआर कोड से भी टैग किया गया। विद्यालय परिसर में निकाली गई ग्रीन रैली विशेष आकर्षण का केंद्र रही जिसमें छात्रों ने हाथों में पर्यावरण जागरूकता से जुड़े स्लोगन और पोस्टर लेकर पूरे परिसर में रैली निकाली। इस अवसर पर प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर ने कहा कि हम भारतीय संस्कृति के उद्घोष माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः का अनुगमन करते हुए पृथ्वी को बचाने के इस महायज्ञ में अपना योगदान दें क्योंकि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं बल्कि समाज और पर्यावरण के प्रति ज़िम्मेदारी निभाने का माध्यम भी है।

## होली चाइल्ड स्कूल में मनाया पृथ्वी दिवस


**हिसार।** विश्व पृथ्वी दिवस के मौके पर विद्यालय के नन्हें-मुन्ने विद्यार्थी उल्लास की मुद्रा में।

- पृथ्वी हमारी सांझी धरोहर और इसका संरक्षण हमारा नैतिक कर्तव्य : सिंधु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस बड़े ही उत्साह और पर्यावरण के प्रति समर्पण के भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हें-मुन्ने विद्यार्थियों ने एकत्र होकर धरती मां की रक्षा के लिए अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए संकल्प लिया कि वे पर्यावरण संरक्षण के लिए हमेशा सजग रहेंगे और धरती को स्वच्छ, हरित एवं सुंदर बनाए रखने में अपना योगदान देंगे। विद्यालय के प्रबंध निदेशक आरएस सिंधु ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व पृथ्वी दिवस हम सभी को यह याद दिलाता है कि पृथ्वी हमारी सांझी धरोहर है और इसका संरक्षण हमारा नैतिक कर्तव्य है। हमें अपने आचरण में ऐसे परिवर्तन लाने होंगे जिससे आने वाली पीढ़ियां भी इस धरती की सुंदरता और संसाधनों का लाभ उठा सकें। प्रधानाचार्या अनीता पन्नू दलाल ने कहा कि आज का दिन हमें यह प्रेरणा देता है कि हम अपनी धरती मां के प्रति समर्पण का भाव रखें और अपने छोटे-छोटे प्रयासों से बड़े बदलाव की दिशा में कदम बढ़ाएं।

### एसडी मॉडर्न स्कूल के बच्चों ने मनाया पृथ्वी दिवस

**हांसी।** एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल के परिसर में अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस के अवसर पर पहली से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों द्वारा अनेक प्रकार की गतिविधियां बड़े उत्साह के साथ मनाई गईं। प्रातः कालीन सभा में बच्चों द्वारा पृथ्वी दिवस पर विशेष प्रस्तुति दी गई, इस अवसर पर नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के विद्यार्थियों द्वारा हरे रंग के वस्त्रों को धारण कर तथा पौधे अपने साथ लाकर पृथ्वी माता के प्रति अपने आभार को व्यक्त किया गया। छठी से नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा हरित नवाचार, स्थिरता के लिए समाधान, जागरूकता से कार्रवाई तक, पृथ्वी का कल्याण, पृथ्वी का उपचार, मानव कल्याण और इसकी भूमिका, छोटे बदलावों की शक्ति, वैश्विक स्वास्थ्य जैसे विषयों पर भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। इस अवसर पर प्राचार्या ऋतु सिंह ने बताया कि पृथ्वी की वजह से ही हमारा जीवन संभव है।

## सावधानी, सजगता व बुद्धिमानी के साथ प्रयोग करें प्राकृतिक संसाधन

- ढाणी खान बहादुर स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस के तहत अनेक कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिले के गांव ढाणी खान बहादुर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में साइंस क्लब, इको क्लब और लीगल लिटरेसी के सहयोग से वर्ल्ड अर्थ डे मनाया गया। इस कार्यक्रम के दौरान पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग, निबंध कंपटीशन, स्पीच कंपटीशन का आयोजन करवाया गया एवं विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार दिए गए। विद्यालय प्रांगण में बर्ड फीडर लगाए गए और अवेयरनेस प्रोग्राम चलाया गया। विद्यालय कैंपस को प्लास्टिक फ्री बनाने व सस्टेनेबल गोल अचीव करने के लिए उचित केंद्र बनाया गया है। प्राचार्या डॉ. संगीता सैनी ने विद्यार्थियों को अर्थ डे की शुभकामनाएं देते हुए नेचुरल रिसोर्सेस का सावधानी, सजगता व बुद्धिमानी के साथ प्रयोग करने की सलाह दी। इसी के साथ विद्यालय प्रांगण में लगे हुए सभी पेड़ पौधों पर कर क्यूआर कोड लगाए गए जिसमें पौधे से संबंधित जानकारी व आयुर्वेदिक उपयोग की जानकारी दी गई।


**हिसार।** विश्व पृथ्वी दिवस पर आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चे प्राचार्या डॉ. संगीता सैनी व अन्य स्टाफ सदस्यों के साथ। *फोटो :हरिभूमि*

## पृथ्वी दिवस पर प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा


**हिसार।** प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थी। *फोटो :हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हिसार। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धांसू में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पेंटिंग प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता एवं कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य मोहन लाल ने विद्यार्थियों को पृथ्वी बचाने का आह्वान किया। इको क्लब के इंचार्ज भूगोल प्रवक्ता राजबीर सिंह ने भी पृथ्वी दिवस पर अपना संदेश दिया।

## यदुवंशी शिक्षा निकेतन के विद्यार्थियों ने लिया पृथ्वी संरक्षण का संकल्प

- पर्यावरण संरक्षण एक वैश्विक आवश्यकता :राव बहादुर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

यदुवंशी शिक्षा निकेतन के प्रांगण में मंगलवार को पृथ्वी दिवस के अवसर पर आयोजित एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने पौधरोपण कर पेड़ लगाओ, पृथ्वी बचाओ का संदेश दिया और नारे लगाकर पृथ्वी को संरक्षित रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान कनिष्ठ वर्ग से लेकर वरिष्ठ वर्ग तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। छात्रों ने सुंदर कविताओं के माध्यम से पृथ्वी के महत्व को दर्शाते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वहीं कनिष्ठ व वरिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों ने लघु नाटिकाओं का मंचन कर पेड़ों की आवश्यकता और पर्यावरणीय संकट पर ध्यान आकर्षित किया। इस अवसर पर यदुवंशी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के संस्थापक एवं चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने अपने प्रेरणादायक संदेश में कहा कि यदुवंशी शिक्षा निकेतन का सदैव ही प्रयास रहा है कि हमारे विद्यार्थी न केवल शैक्षिक क्षेत्र में बल्कि सामाजिक दायित्व में भी आगे रहेगें। पर्यावरण संरक्षण एक वैश्विक आवश्यकता है।


**हांसी।** पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते यदुवंशी शिक्षा निकेतन के बच्चे।

## पेड़-पौधे मानव जीवन को बचाए रखने में सहायक : कपूर सिंह


**हिसार।** पृथ्वी दिवस पर पौधरोपण करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर नेहरू युवा केन्द्र हिसार एवं आजाद हिन्द युवा क्लब गांव किरतान के सहयोग से गांव किरतान में कार्यक्रम किया गया। क्लब प्रधान कपूर सिंह आर्य ने कहा कि हमारा पर्यावरण हमारे जीवन को सुरक्षित बनाता है, इसलिए इसे स्वच्छ व स्वस्थ बनाए रखने हम सभी की जिम्मेवारी है। आज पर्यावरण प्रदूषण एक बहुत बड़ी समस्या बनी हुई है। इसकी रोकथाम के लिए पौधरोपण करना बेहद जरूरी हो गया है। पेड़-पौधे मानव जीवन को बचाए रखने में सहायक हैं। इसलिए हर व्यक्ति अपने जीवन में पौधरोपण करे। कार्यक्रम में डॉ. फतेह सिंह, डॉ. सुलोचना, डॉ. मुकेश कुमारी, डॉ. कुसुम कुमारी, मनवीर बुगालिया, प्रोमिल आर्य, कुलदीप, रमेश, आदि मौजूद रहे।

## विश्वास स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस समारोह के साथ किया पौधरोपण

- बच्चों ने पौधे रोपने के साथ लिया सुरक्षा का भी संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी आदमपुर

व्यापार मंडल विश्वास स्कूल के प्रांगण में 'पृथ्वी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझा। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। यूकेजी के बच्चों ने पेड़ पौधों का महत्व दर्शाते हुए आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी। कनिका ने अपने धुरंधर भाषण और आस्था ने एक मन मोहिनी कविता के माध्यम से पर्यावरण के महत्व को समझाया। कक्षा आठवीं के बच्चों ने लघु नाटिका के माध्यम से पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। इस मौके पर स्कूल के प्रिंसिपल मुकेश सिंगला ने विद्यार्थियों और अन्य शिक्षकगणों ने मिलकर पौधरोपण भी किया।


**मंडी आदमपुर।** व्यापार मंडल विश्वास स्कूल के स्वयंसेवक स्वयंसेवक पृथ्वी दिवस पर पौधरोपण करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

## राजकीय महिला कॉलेज में किया पौधरोपण आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पृथ्वी दिवस के अवसर पर राजकीय महिला महाविद्यालय में पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सतबीर सिंह सांगा, उप-प्राचार्या डॉ. नीलम दहिया, तथा इको क्लब प्रभारी डॉ. किरण बिश्नोई ने किया। कार्यक्रम में कॉलेज की छात्राओं के साथ-साथ सभी शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अभियान के दौरान कॉलेज परिसर में मौलसिरी या बकुल, गुड़हल, अमलतास, बॉटल पाम, एरेका पाम महोगनी आदि कुल 51 पौधों का रोपण किया गया।


**हिसार।** पौधरोपण करते प्राचार्य डॉ. सतबीर सिंह सांगा व स्टाफ सदस्य।


## श्री काली देवी विद्या मंदिर में सांस्कृतिक व प्रतियोगिताओं का आयोजन

# प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना सभी की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

श्री काली देवी विद्या मंदिर में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर विद्यालय के ईको क्लब एवं शक्ति सदन द्वारा विद्यार्थियों की रचनात्मकता, विश्लेषणात्मक क्षमता एवं उच्चारण शुद्धता को प्रोत्साहित करने हेतु विविध प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकालीन सभा में पर्यावरण संरक्षण पर आधारित भाषण, नृत्य प्रस्तुति एवं नुक्कड़ नाटक से हुई। सभा के उपरांत विभिन्न प्रकार प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। काव्य पाठ प्रतियोगिता में कक्षा तीसरी से दिव्यांशी, प्रणवी एवं हर्षिका, कक्षा चौथी से जीविका, प्रेक्षा, नव्या, जानवी, हंशिका, एश्वी, मान्या एवं अगम व पांचवीं कक्षा से जिया, रूहानिका, रक्षित, चेष्टा, ध्वनित, नव्या एवं कानवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में छठी कक्षा से जीनल, सारिका, इशिता, हर्षिता एवं वंश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में सातवीं कक्षा की वंशिका, आराध्या, जीवांशी, प्रीत एवं सोनाक्षी विजेता रहे। बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में आठवीं कक्षा से अनिरुद्ध, गुंजन, साक्षी, गुंजन एवं नोहित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के समापन पर स्कूल प्रिंसिपल गीता मेहता ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर विद्यालय प्रांगण में पौधरोपण किया गया। स्कूल प्रिंसिपल ने विद्यार्थियों को अधिकाधिक वृक्षारोपण का संकल्प दिलाया और कहा कि प्राकृतिक संसाधनों जैसे जल, विद्युत एवं वनस्पति का संरक्षण करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।


**हांसी।** विश्व पृथ्वी दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते स्कूली बच्चे। *फोटो :हरिभूमि*


**मंडी आदमपुर।** मदर्स प्राइड स्कूल में पृथ्वी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे। *फोटो :हरिभूमि*

### मदर्स प्राइड कान्वेंट स्कूल ने धरती बचाओ अभियान चलाया

**मंडी आदमपुर।** मदर्स प्राइड कान्वेंट स्कूल में मंगलवार को एक स्पेशल प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा पांचवी व सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने पृथ्वी दिवस पर एक नाटक की प्रस्तुति दी। नाटक के माध्यम से उन्होंने वनों की कटाई, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों को विद्यार्थियों के सामने रखा। स्कूल प्राचार्य राकेश कौशिक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए व्यक्तिगत उपाय (जैसेः ऊर्जा बचाना, पानी बचाना, कचरा कम करना, और पेड़ लगाना) जैसे मुद्दों पर अवश्य चर्चा करें। स्कूल संचालक धर्मवीर जांगड़ा ने बच्चों की सराहना की।कार्यक्रम में पहल करते हुए स्कूल के छात्रों ने आदमपुर गांव में एक धरती बचाओ अभियान चलाया। इस अवसर पर वाइस प्रिंसिपल नीरज दहिया, गांव के सरपंच कपिल आदि मौजूद रहे।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री संदीप कुमार चौहान व श्री दीपक कुमार पुत्रान स्व. लक्ष्मी देवी और सुनीता रानी व अनीता रानी पुत्रीयान स्व. लक्ष्मी देवी निवासी मकान नंबर-132/04, वार्ड नंबर-15, कृष्णा नगर, हिसार द्वारा प्रॉपर्टी आईडी नंबर 1D6QEQO1 & 1DTFJRG5 जो कि नगर निगम हिसार में स्व. श्रीमती लक्ष्मी देवी पत्नी स्व. श्री महावीर प्रसाद के नाम से दर्ज है। जिनकी मृत्यु दिनांक 31.10.2021 को हो चुकी है। जिसको श्री संदीप कुमार चौहान व श्री दीपक कुमार पुत्रान स्व. लक्ष्मी देवी और सुनीता रानी व अनीता रानी पुत्रीयान स्व. लक्ष्मी देवी ने अपने नाम दर्ज करने बारे आवेदन किया है। इनके द्वारा तहसीलदार हिसार द्वारा हस्ताक्षरित वारिसान रिपोर्ट इस कार्यालय में उपलब्ध करवाई है। जिसके अनुसार श्री संदीप कुमार चौहान व श्री दीपक कुमार पुत्रान स्व. लक्ष्मी देवी और सुनीता रानी व अनीता रानी पुत्रीयान स्व. लक्ष्मी देवी वारिसान हैं।

अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त संपति नम्बर 1D6QEQO1 & 1DTFJRG5 का यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त संपति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर-अंदर नगर निगम हिसार कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करें। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह संपत्ति श्री संदीप कुमार चौहान व श्री दीपक कुमार पुत्रान स्व. लक्ष्मी देवी और सुनीता रानी व अनीता रानी पुत्रीयान स्व. लक्ष्मी देवी के नाम से नगर निगम हिसार के रिकार्ड में दर्ज कर दी जाएगी। जिसमें नगर निगम हिसार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

कृते/-आयुक्त नगर निगम हिसार

## खबर संक्षेप

### घर में जबरन घुसकर किया हमला, केस दर्ज

**बरवाला।** वार्ड नंबर 18 मोती लुहार वाली गली में स्थित एक घर में जबरन घुस कर गाली गलौज करने और हमला करने तथा जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने वार्ड नंबर 18 मोती लुहार वाली गली निवासी पुष्पा रानी की शिकायत पर गांव पोलड जिला कैथल निवासी दयानंद, ध्रुव, सरोज, सनौली, मिथुन व गोला के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके कार्रवाई आरंभ कर दी है ।

### दहेज और मारपीट के आरोप में केस

**बरवाला।** गांव बुगाना में दहेज उत्पीड़न और मारपीट का एक मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता शैलजा, पत्नी रामभुल ने अपनी सास, पति, ननद और देवर पर दहेज के लिए मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता शैलजा की शिकायत पर इन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करके कार्रवाई आरम्भ कर दी है ।

बरवाला पुलिस को दी शिकायत में शैलजा ने बताया कि उसकी शादी 31 अक्टूबर 2021 को रामभुल, निवासी गांव बुगाना, के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही सास बिमला और पति उसे दहेज कम लाने और छोटी हाइट का ताना देकर अपमानित करते थे। शैलजा ने बताया कि ससुराल में उसकी सास द्वारा गाली-गलौज और मारपीट आम बात थी। वह अपने पति के साथ कुछ समय गुजरात भी रही, जहां पति छोटी-छोटी बातों पर मारपीट करता था।

### अवैध पिस्तौल व कारतूस समेत एक पकड़ा

**हिसार।** अग्रोहा पुलिस ने एक व्यक्ति को काबू कर एक अवैध पिस्तौल और 3 जिंदा कारतूस बरामद किए है। मुख्य सिपाही राकेश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने गश्त के दौरान सूचना के आधार पर अग्रोहा मंदिर और थाना के बीच के रास्ते पर पुलिस टीम को देख भागने की कोशिश कर रहे एक व्यक्ति को काबू कर नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम कुलेरी निवासी वीरेंद्र उर्फ घोलू बताया। नियमनुसार तलाशी लेने पर वीरेंद्र उर्फ घोलू के कब्जे एक अवैध पिस्तौल और 3 जिंदा कारतूस बरामद हुए।

### गुरु नानक स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया

**हांसी।** गुरुद्वारा सिंह सभा डडल पार्क द्वारा संचालित गुरु नानक पब्लिक स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रकृति मित्र समिति के अध्यक्ष शशिकांत यादव जेसीआई फोर्ट के अध्यक्ष सर्वेश सैनी ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के प्रांगण में पौधरोपण कर की गई। स्कूल प्रांगण में पांच पौधे लगाए गए वही स्कूल के बच्चों ने विश्व पृथ्वी दिवस पर नाटक वह सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुत किए। शशिकांत यादव ने बताया कि हमें पर्यावरण व प्रकृति को बचाने के लिए घर-घर पौधा लगाना चाहिए क्योंकि पौधे ही हमारे जीवन का आधार है। स्कूल की संचालिका रूपेंद्र कौर ने बताया कि कि आज के समय में बढ़ती पेड़ो कटाई पर चिंता जताई है। इस अवसर प्रधान सरदार हरप्रीत सिंह, रूपेंद्र कौर, अनीता, गुरदेव सिंह, शमींदर पाल सिंह मौजूद थे।

### 50 कार्यकर्ता लेंगे कॉन्फ्रेंस में भाग

**हिसार।** स्वदेशी शोध संस्थान द्वारा 24 से 26 अप्रैल तक आयोजित की जाने वाली इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस विजन 2047 - समृद्ध व महान भारत में हिसार से स्वदेशी जागरण टीम के 50 कार्यकर्ताओं की टीम हिस्सा लेगी। स्वदेशी जागरण मंच के प्रांतीय प्रचार प्रमुख अनिल गोयल ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, हकृवि व आईसीएआर के संयुक्त तत्वावधान में दिल्ली के आईएसीएआर में आयोजित होने वाली इस इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस को केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मनोहरलाल खट्टर, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, श्रीधर वेंबू, एस. गुरुमूर्ति, डॉ. कृष्ण गोपाल व सुरेश सोनी संबोधित करेंगे।

---

### एसई के निलम्बन पर पावर इंजिनियर्स का प्रदर्शन जारी

# आज समाप्त हो जाएगा अल्टीमेटम आन्दोलन तेज करने की चेतावनी

**निर्णय लिया है कि मंगलवार से आंदोलन को और तीव्र करेंगे बुधवार से जोनल स्तर पर प्रदर्शन**

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के जींद ऑप्रेशेन सर्कल के एसई हरिदत्त के निलम्बन के आदेश के खिलाफ हरियाणा पावर यूटिलिटीज के इंजिनियर्स का हरियाणा पावर इंजिनियर्स एसोसिएशन (एचपीईए) के तत्वावधान में जारी प्रदर्शन मंगलवार को लगातार पांचवें दिन भी जारी रहा।

विद्युत सदन के समक्ष आयोजित प्रदर्शन के दौरान एचपीईए के प्रदेश महासचिव रविंद्र घणघस ने बताया कि एसोसिएशन ने निगम प्रशासन को एसई के निलम्बन के आदेश वापिस लेने के लिए बुधवार तक का अल्टीमेटम दिया हुआ है। निगम प्रबंधन के रुख को देखते हुए अब केंद्रीय नेतृत्व ने सामूहिक निर्णय लिया है कि मंगलवार से आंदोलन को और तीव्रता प्रदान की जाएगी, अगले चरण में बुधवार से जोनल स्तर पर प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए घणघस ने आरोप लगाया कि निलम्बित एसई हरिदत्त की इस मामले में कोई गलती नहीं थी बल्कि शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के अहम के कारण उन पर ये कार्रवाही की गई है। उन्होनें कहा कि निलंबन प्रक्रिया के दौरान सेवा नियमों को पूरी तरह अनदेखा किया गया है। प्रदर्शन में एसई कृष्ण स्वरुप, एक्सईएन अनीस कुमार, होशियार सिंह जाखड, सतीश कुमार, सुरेंद्र रेड्डु, मुकेश रोहिल्ला, राजेश कुमार, राहुल महला, विजय सिंह, उपेंद्र कुमार, साहिल कुमार, रविंद्र कुमार, साहिल गर्ग, अजीत कुमार, सुनील कुमार, राम कटारा, विरेंद्र राणा, कमल कुमार, विनोद कुमार आदि बडी संख्या में पावर इंजिनियर्स मौजूद रहे।



हिसार। प्रदर्शन करते हरियाणा पावर इंजिनियर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य। *फोटो: हरिभूमि*

### ब्लॉक पार्षद ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**हिसार।** गांव डोभी निवासी एवं ब्लॉक पार्षद प्रदीप बैनीवाल ने पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार व एसडीएम ज्योति मित्तल को ज्ञापन सौंपकर गांव डोभी की पंचायत द्वारा ढाणियों के पक्के करवाये जा रहे रास्ते व अन्य कार्यों के निर्माण में घटिया ईंटें व निर्माण सामग्री लगाये जाने की शिकायत करते हुए सरपंच व ठेकेदार के खिलाफ जांच करवाकर उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में उनके साथ गांव के राजकुमार, प्रवीन कुमार, रोहतास, मंगत, बलबीर सिंह भाकर, बलवान, भूपसिंह, अनिल कुमार, ईश्वर, कर्मबीर, राजेश, मानसिंह, सूरत सिंह, कौर सिंह सहारण आदि मौजूद थे।



हिसार। सिंचाई विभाग कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करते ठेकेदार।

### छह माह से विकास कार्यों की लम्बित बकाया पेमेंट का नहीं हो रहा भुगतान

**हिसार।** ऑल हरियाणा इरिगेशन कॉन्ट्रेक्टर एसोसिएशन से जुड़े राज्य भर के ठेकेदारों ने यहां धरना-प्रदर्शन करके मिकाडा (माइक्रो इरिगेशन कमांड एरिया डवेलपमेंट अथॉरिटी) के अधीक्षक अभियंता को ज्ञापन देकर ठेकेदारों द्वारा किए गए विकास कार्यों की लम्बित बकाया पेमेंट देने की मांग की है। एसोसिएशन के प्रधान बलजीत सिंह ने धरना-प्रदर्शन के बाद बताया कि राज्य भर से आये ठेकेदारों की काम करने के बाद भी पिछले छह महीनों से अदायगी नहीं की जा रही। एसोसिएशन ने ज्ञापन में कहा है कि यदि 25 अप्रैल तक उन्हें उनका बकाया करोड़ों का भुगतान नहीं किया गया तो वे 26 अप्रैल से सारे कार्य बंद कर देंगे तथा निविदाओं का भी बहिष्कार करेंगे। प्रदर्शन करने वाले ठेकेदारों में देवीलाल शर्मा, मुरलीधर, धर्मपाल, राममेहर बूरा, विरेन्द्र, अनूप सिंह, हरप्रीत सिंह, भूपेश टाक, चरणजीत, नरेश कुमार, दारासिंह, पवन कुमार, पूर्ण सिंह, सुभाष चंद्र, पूर्ण सिंह, विनोद, सुनील कुमार सहित अनेक ठेकेदार शामिल रहे।

---



हांसी। विश्व पृथ्वी दिवस पर स्कूल प्रांगण में पौधरोपण करती छात्राएं।

## पृथ्वी दिवस पर छात्राओं ने लगाए दर्जनों पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आज पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में प्रातः कालीन सभा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय छात्रा ललिता ने पृथ्वी-संरक्षण आधारित तथ्यों की प्रस्तुति दी। विद्यालय की छात्रा डोली ने पृथ्वी व पर्यावरण संबंधी रोचक तथ्यों की जानकारी देते हुए ग्रीन हाउस इफेक्ट पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्या रेनू बंसल ने बताया कि वर्ष 2025 में पृथ्वी दिवस की थीम अवर पॉवर अवर प्लेनेट है जो इस बात पर जोर देती है कि पृथ्वी को बचाने की शक्ति हमारे हाथ में है। यह दिवस ना केवल पर्यावरण मुद्दों को समझने का अवसर देता है बल्कि बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी को अपनी जिम्मेदारी का एहसास भी कराता है। विद्यालय अध्यक्ष प्रीतम कुमार गोयल, प्रबंधक सज्जन कुमार अग्रवाल, प्रबंधक समिति के सदस्य चंद्रभान गर्ग, नकुल कुमार अग्रवाल, रजत कुमार अग्रवाल ने संबोधित किया।

### ट्रस्ट बुजुर्गों को करवाएगा मुफ्त हवाई यात्रा

**हिसार।** अग्रसेन भवन ट्रस्ट ने हिसार से अयोध्या की हवाई सेवाएं शुरू होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए फैसला लिया है कि ट्रस्ट की ओर से बुजुर्गों को अयोध्या में भगवान श्रीराम के दर्शन करवाने के लिए मुफ्त हवाई यात्रा करवाई जाएगी। अग्रसैन भवन ट्रस्ट के प्रधान अंजनी कुमार खारियावाला ने बताया कि 60 वर्ष से ऊपर की आयु के अयोध्या जाने वाले बुजुर्गों को आने व जाने की हवाई टिकट मुफ्त में उपलब्ध करवाई जाएगी। हर सप्ताह शुक्रवार के दिन पांच बुजुर्गों को अयोध्या जाने व रविवार को वापिस हिसार आने का टिकट दिया जाएगा।

---

## स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया

- जेएमसी फ्री स्टडी सेंटर में हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

जेएमसी फ्री स्टडी सेंटर व आचार्य महाप्रज्ञ नॉलेज सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आचार्य श्री महाश्रमण के आज्ञानुवर्ती शिष्य- मुनि रणजीत कुमार एवं मुनि कौशल कुमार के सान्निध्य में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों व उनके परिजनों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम द्वारा लौटें प्रकृति की ओर-स्वास्थ्य एवं सुख की नई भोर कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. रिंपल मित्तल ने स्वास्थ्य संबंधी उपयोगी विचार साझा किए। स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम के उपरांत मुनि श्री ने इन संस्थानों का विशेष रूप से अवलोकन किया। इस मौके पर राजेंद्र प्रसाद जैन, हितेश जैन, प्रमोद जैन, संजय जैन, गुणसागर जैन, नंदकुमार जैन, मनीष जैन, कमल जैन, अभिषेक जैन, राजकुमार जैन, मनीषा जैन व सगुन चंद जैन आदि मौजूद रहे।



हिसार। जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित मुनिश्री, विद्यार्थी व अभिभावक।

## प्रश्नोत्तरी में अभिषेक व रितेश ने मारी बाजी

- गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक में डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭मंडी आदमपुर

गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक में मंगलवार को एनएसएस यूनिट द्वारा डॉ. अम्बेडकर के जीवन और उनके भारतीय संविधान में योगदान पर एनएसएस अधिकारी राकेश शर्मा के निर्देशन में एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एनएसएस के सह समन्वयक डॉ विष्णु कुमार ने क्विज मास्टर की भूमिका निभाई और बताया कि इस प्रतियोगिता में छह टीमों ने भाग लिया और मैकेनिकल विभाग के छात्र अभिषेक व रितेश ने प्रथम मैकेनिकल विभाग के ही छात्र अभिषेक व निशांत की टीम ने द्वितीय तथा फार्मेसी विभाग के छात्र साहिल में मंजीत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डीबीएम के छात्र आशीष ने टाइम कीपर व स्कोरर की भूमिका काजल ने निभाई। इस अवसर पर एनएसएस अधिकारी राकेश शर्मा, सह-समन्वयक अम्बिका गोदारा और मनोज गोस्वामी उपस्थित रहे। संस्थान के प्राचार्य डॉ कुलबीर सिंह अहलावत ने बताया यह प्रतियोगिता डॉ अम्बेडकर के जीवन और उनके संविधान में योगदान को समझने और उनकी विरासत को मनाने के लिए आयोजित की गई थी।




मंडी आदमपुर। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में हिस्सा लेते प्रतिभागी। *फोटो: हरिभूमि*

## नियमितता ही योग साधना की कुंजी : आचार्य

- फतेहचंद महिला कॉलेज में योग शिविर का शुभारंभ
- विभिन्न आसन एवं क्रियाओं का अभ्यास किया

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

फतेहचन्द महिला महाविद्यालय में योग विभाग, हिन्दी विभाग एवं छात्र कल्याण संघ के संयुक्त सौजन्य से आचार्य रूपचंद्र महाराज के परम शिष्य अन्तरराष्ट्रीय योग गुरू अरूण योगी का योग शिविर का शुभारम्भ महाविद्यालय प्राचार्या डॉ॰ अनीता सहरावत की अध्यक्षता में किया गया। प्रबंध समिति के अध्यक्ष रामकुमार रावलवासिया ने आचार्य अरूण योगी महाराज एवं ज्योतिषाचार्य पीके शास्त्री को शॉल भेंट कर सम्मानित किया। आचार्य योगी ने छात्राओं को योग सिद्धांत के बारे में बताते हुए कहा कि ज्यादा नहीं सही से करें योग। सही तरीके से किया गया योग एवं सही समय पर किया गया भोजन शरीर को तो निरोग करता ही है साथ ही साथ मानसिक शांति भी प्रदान करता है। उन्होंने छात्राओं को योग करवाते हुए कहा कि सही तरीका और नियमितता ही योग साधना की कुंजी है। योग विभाग की छात्राओं ने और सभागार में उपस्थित सभी श्रोताओं ने आचार्य योगी के निर्देशन में विभिन्न आसन एवं क्रियाओं का अभ्यास किया। इस मौके पर जैनेन्द्र कुमार जैन, दिनेश कुमार रावलवासिया, बनारसी दास गुप्ता, संजय कुमार, निर्मल कुमार, प्रतीक जैन, विजय कुमार, कुलदीप बंसल, राजेन्द्र कुमार गर्ग, शिष्या दिव्या, शिष्य आकाश एवं यश आदि उपस्थित रहे।



हिसार। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण व छात्राएं। *फोटो: हरिभूमि*

## विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

- आरपीएस पब्लिक स्कूल के छठी व सातवी कक्षा के छात्र असीगढ किले पर पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

आरपीएस पब्लिक स्कूल के छठी व सातवी कक्षा के छात्रों को मंगलवार को इतिहास की जानकारी देने के लिए हांसी के असीगढ किले का भ्रमण करवाया गया।

इस अवसर विद्यालय के सामाजिक विज्ञान के अध्यापक सत्यनारायण गोयत ने विद्यार्थियों को किले के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस किले का निर्माण अफगान शासकों से रक्षा के लिए पृथ्वीराज चौहान द्वारा 12वीं शताब्दी में करवाया गया था। उन्होंने बताया कि हांसी शहर की स्थापना दिल्ली के तोमर राजपूत राजा अंगपाल तोमर ने की थी। वहीं आठवीं कक्षा के छात्रों ने फसलों की कटाई से संबंधित जानकारी प्रदान करने हेतु मुंढाल एग्रो टैक कंपनी का भ्रमण किया। जहां कंपनी संचालक जोगिंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को फसलों की बिजाई से लेकर कटाई व फसलों को निकालने में प्रयोग होने वाले कृषि यंत्र थ्रैशर, कल्टीवेटर, हैरो, सीड ड्रिल, दराती के बारे विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यार्थियों के लिए यह भ्रमण काफी ज्ञानवर्धक रहा।




हांसी। हांसी के ऐतिहासिक किले पर भ्रमण करते आरपीएस स्कूल के विद्यार्थी।

## नए डिवीजन तथा सब-डिवीजन को क्रियान्वित करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के उच्चाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि लगभग तीन साल पहले मंजूर हुए नए डिवीजन और सब-डिवीजन के तुरंत क्रियान्वयन को सुनिश्चित करें ताकि लोगों को बिजली से संबंधित समस्याओं को सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि यह संज्ञान में आया कि दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के तहत बरवाला डिवीजन तथा बाडो पट्टी, अग्रोहा, खेड़ी चौपटा सब डिविजन के रूप में स्वीकृति के लगभग तीन वर्ष बीत जाने के बावजूद भी उपरोक्त डिवीजन और सब-डिवीजन ने काम करना शुरू नहीं किया है। इसी प्रकार से हिसार कैंट डिवीजन तथा सातरोड, गंगवा, उमरा व सिसाय सब-डिवीजन भी स्वीकृत हो चुके हैं। यदि ये सभी नए डिविजन व सब-डिविजन काम करना शुरू कर देंगे, तो डीएचबीवीएनएल के संबंध में लोगों की अधिकांश शिकायतें काफी हद तक कम/निवारित हो जाएंगी।



कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा।

### एसडीएम डॉ. बेनीवाल ने तैयारियों को दिया अंतिम रूप

## साइक्लोथॉन का बरवाला में कल होगा स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭बरवाला

साइक्लोथॉन 2.0 के तहत 24 अप्रैल को बरवाला में यात्रा का उत्साहपूर्वक स्वागत किया जाएगा। इस संबंध में आगामी तैयारियों को लेकर बरवाला एसडीएम डॉ. वेदप्रकाश बेनीवाल की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं और कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। एसडीएम डॉ. वेदप्रकाश बेनीवाल ने निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्यक्रम की रूपरेखा को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करेंगे। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, स्वच्छता, चिकित्सा सुविधा, जल व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं के लिए विभागवार ड्यूटी लगाई गई है। डॉ. वेदप्रकाश बेनीवाल ने अधिकारियों से कहा कि यह आयोजन युवाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का सशक्त माध्यम है और इसका ठहराव बरवाला में गौरव की बात है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभागों की तैयारियों को प्राथमिकता पर लेते हुए कार्य निष्पादन सुनिश्चित करें। बैठक में आयोजन स्थल व रूट प्लान की समीक्षा भी की गई।



हिसार। बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते एसडीएम डॉ. वेदप्रकाश बैनीवाल।

### विद्यार्थियों और समाजसेवियों को आमंत्रित किया

एसडीएम ने बताया कि साइक्लोथॉन के ठहराव के दौरान स्थानीय नागरिकों, स्कूल-कॉलेजों के विद्यार्थियों और समाजसेवियों को भी आमंत्रित किया गया है, ताकि वे पर्यावरण संरक्षण और शारीरिक स्वास्थ्य के इस संदेश को आत्मसात कर सकें। बैठक में नायब तहसीलदार रविंद्र शर्मा, लोक निर्माण विभाग के जेई साहिल वर्मा, जेई विनोद कुमार, सुनिल कुमार, मनोज गुप्ता सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।